पाठ्यक्रम

विषय :संस्कत

कक्षा : छठी

समय : 3 घण्टे

लिखित अंक : 90

सी. सी. ई : 10

कुल अंक=100

(पाठ्यपुस्तक से)

1 30 वाक्य तीन भागों में दिए जाएं उनका अनुवाद हिन्दी या पंजाबी में करने को कहा जाए ।

(क) प्रथमा विभक्ति के तीनों पुरुषों से सम्बन्धित 10 वाक्य पूछे जाएं ।
(पाठ 2 से 12 तक)

(ख) द्वितीया विभक्ति , तृतीया विभक्ति तथा चतुर्थी विभक्ति से सम्बन्धित 10 वाक्य पूछे जाएं । (पाठ 13 से 18 तक)

(ग) पंचमी विभक्ति , षष्ठी विभक्ति , सप्तमी विभक्ति तथा सम्बोधन विभक्ति से सम्बन्धित 10 वाक्य पूछे जाएं । (पाठ 19 से 25 तक)

2 पाठों में से सरल आठ प्रश्न हिन्दी में पूछे जाएं , जिनमें से पाँच का उत्तर हिन्दी में लिखने को कहा जाए ।

3 सूक्ति भाग से सात वाक्य दिए जाएं । जिनमें से पाँच का उत्तर हिन्दी में लिखने को कहा जाए ।

4 पाठों के अभ्यासों में से सात संस्कृत शब्द दिए जाएं जिनमें से पाँच शब्दों का अर्थ हिन्दी में लिखने को कहा जाए ।

5 पाठ्य पुस्तक में से नैतिक शिक्षाप्रद कहानी देकर उस कहानी का सार हिन्दी में लिखने को कहा जाए ।

6 मिलान के लिए पाठ्य पुस्तक में से पाँच वाक्य दिए जाएं ।सही वाक्यों का मिलान करने के लिए कहा जाए ।

7 पुस्तक के अभ्यासों में से रिक्त - स्थानों की पूर्ति सम्बन्धित सात प्रश्न पूछे जाएं जिनमें से पाँच उचित शब्द लगाकर रिक्त - स्थानों की पूर्ति को कहा जाए।

भाग=ख

(व्याकरण भाग)

8 **(क)** पाठ्यक्रम में दिए गये शब्द रूपों में दस शब्द रूप की किसी एक विभक्ति से सम्बन्धित वचन को पूर्ण करने के लिए कहा जाए ।

(ख) पाठ्यक्रम में दिए गये धातु रूपों में से आठ धातुओं के रूप लट् लकार के तीनों पुरुषों के तीनों वचनों में पूछे जाएं जिनमें से केवल पाँच धातुओं के रूप लिखने हो।

(ग) पाठ्यक्रम में दिए गये संख्यवाची शब्दों में से सात शब्द देकर पाँच को संस्कृत में लिखने के लिए कहा जाए । (केवल प्रथमा विभक्ति)